7.बंदर बाँट

I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

1.बिल्ली क्या लेकर आयी ?
बिल्ली रोटी लेकर आई

2.दूसरी बिल्ली ने क्या दिखाई?
दूसरी बिल्ली ने कुछ अकड़ दिखाई ।

3.बंदर क्या लेकर आया?
बंदर तराजू ले आया।

4.बिल्लियों को क्या मिला?
बिल्लियों को कुछ न मिला।

II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

1.बंदर ने रोटी का बँटवारा कैसे किया ?
बंदर न्याय दिलाने तराजू लाया और रोटी के दो टुकड़े करके दोनों पलड़ों पर रख दिया। जिस पलड़े में ज्यादा दिखाई देता उस पलड़े के रोटी के टुकड़ों को खाने लगा। इसी तरह करते करते रोटी का बचा हुआ छोटा टुकड़ा भी खा लिया। बिल्लियों को खाने के लिए कुछ भी नहीं रखा। इस तरह रोटी का बँटवारा बंदर ने किया ।

2.इस पाठ से आपको क्या सीख मिलती है?
इस पाठ से आपको सीख मिलती है। आपस में झगड़कर सब कुछ गंवाने के बजाय, मिलजुलकर बाँट कर खाना चाहिए।

3.आपको कौन-से पकवान पसंद हैं? उन्हें बनाने के लिए किन चीज़ों की ज़रूरत पड़ती है ? पता कीजिए और सूची बनाइए।
पुलाव पसंद है।

1. चावल
2. दही
3. गाजर
4. काजू

5. ककड़ी
6. धनिया
7. लहसून
8. मिर्च
9. प्याज
10. सोंठ

III. भावार्थ लिखिए :

बंदर ने देखा यह झगड़ा
ले तराजू वह वहाँ अड़ा
बोला -"झगड़ा ठीक नहीं है।
बाँट के खाना बात सही है।"

इन पंक्तियों को 'बंदर की बाँट' कविता से चुना है। चालाक बंदर ने दो बिल्लियों को रोटी के लिए लड़ते देखा तो वह तराजू लेकर वहाँ आ पहुँचा। बंदर पूरी रोटी को स्वयं ही खाना चाहता था। इसलिए बिल्लियों से बोला झगड़ा करने से कोई लाभ नहीं है। दोनों का बाँटकर खाना ही सही है।

IV. नमूने के अनुसार इस कविता में प्रयुक्त तुकवाले शब्दों को ढूंढकर लिखिए :
उदा : आई – लाई

1. रोटी-खोटी
2. दे दे – लेले
3. नहीं – सही
4. करके – धर के
5. खाया-चबाया
6. जब -अब
7. दूरी – पूरी
8. आया – वाया

V. आपको कौन-कौन-सी चीज़ खाना पसंद हैं ? और कौन – सी पसंद नहीं हैं?

उत्तर चीज़ों के नाम	मुझे पसंद है	मुझे पसंद नहीं है
जलेबी	√	
मिठाई		×
लड्डू	√	
जांगीर	√	
दोसा		×

VI. बिल्ली : म्याऊँ-म्याऊँ

नीचे एक तरफ जानवरों के नाम हैं, दूसरी तरफ़ बोलियों के । कौन – सी बोली किसकी है ? दैदिए :

जानवर	बोलियाँ	उत्तर
घोड़ा	मिमियाना	हिनहिनाना
हाथी	रंभाना	रेंकना
बकरी	चिंघाड़ना	मिमियाना
शेर	हिनहिनाना	गरजना
गधा	रेंकना	चिंघाड़ना
गाय	भौंकना	रंभाना
कुत्ता	गरजना	भौंकना

VII. नाप – तोल.

आप जानते हैं कि बिल्ली दूध पीती है। लेकिन क्या आपको पता है उस दूध को कैसे तोला जाता है। ? 'लीटर से'। अलग – अलग चीज़ों को नापने या तोलने के लिए अलग – अलग चीज़ों का उपयोग करते हैं।

नीचे दी गई चीज़ों को किन चीज़ों से नापेंगे ?

तेल को – लीटर से

कपड़े को – मीटर

आम को – तराज़ू
अनाज को – तराज़ू
सीमेंट को – सेकेल मीटर/सेकेल तराज़ू
अंगूर को – तराज़ू

IX. तेज़ चलनेवाले जानवरों के नीचे 'तेज़' और धीरे-धीरे चलनेवाले जानवरों के नीचे 'धीरे' लिखिए :

तेज़	धीरे–धीरे
खरगोश	हाथी
शेर	
हिरन	
घोड़ा	

X. किसकी चाल कैसी ?
(साँप, हिरन, खरगोश):

1. फुदक-फुदककर = मेंढक
2. छलांग-छलांगकर = हिरन
3. रेंग-रेंगकर = साँप
4. चौकड़ी-भरकर = खरगोश

XI. शक्तिशाली कौन ?
आप जिसे अधिक शक्तिशाली मानते हैं, उनका नाम लिखिए:

1. चूहा या बिल्ली = बिल्ली
2. छिपकली या मगरमच्छ = मगरमच्छ
3. गाय या शेर = शेर

XII. नमूने के अनुसार एक और शब्द लिखिए :

	कल्लू	ल्ल	पल्लू
1.	धक्का	क्क	मक्का
2.	बच्चा	च्च	मच्चा
3.	रस्सी	स्स	गुस्सा
4.	छत्ता	त्त	पत्ता

पूरक वाचन
पढ़िए और लिखिए :

मिली कहीं से कोई माला,
लेकर उसे कंठ में डाला।
बदन पर राख लगाकर,
बिल्ली चली प्रयोग नहाने ।।

चूहों से बोली हे प्यारो!
पाप किए मैंने हज़ारों।
ईश्वर का जप करके नाम,
छोड़ दिया चूहे खाने का काम।।

अब तुम चलो मेरे साथ,
नहाकर प्रयाग में लौटेंगे साथ।
चूहे, छोड़कर सोच-विचार,
चलने लगे होकर तैयार।।

बिल्ली ने चूहों को खा लिया,
भरपेट खाकर आराम लिया।
अजी, शत्रु को मित्र न मानो,
उसका कहना कभी न मानो।।

1.बिल्ली को क्या मिली ?
बिल्ली को माला मिली।

2.ईश्वर का जप करके बिल्ली ने कौन-सा काम छोड़ दिया ?
ईश्वर का जप करके बिल्ली ने चूड़े खाने का काम छोड़ दिया।

3.चूहे किस तरह तैयार होकर चलने लगे ?
चूहे बिना सोच-विचार के चलने को तैयार हो गये ।।

4.इस कविता के लिए उचित शीर्षक लिखिए ।
शत्रु को मित्र न मानो, उसका कहना कभी न मानो